भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *83**

जिसका उत्तर 05.02.2026 को दिया जाना है

**ग्रीनफील्ड विकास के लिए तेलंगाना को वित्तीय सहायता**

*83. श्री इटेला राजेंदर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार को इस बात की जानकारी है कि तेलंगाना राज्य सरकार ने एकीकृत टाउनशिप, आवासीय और औद्योगिक संकुलों और अन्य विषयगत केंद्र (थिमेटिक हब) के विकास के लिए नए क्षेत्र खोलकर हैदराबाद शहर के विकास को बाहरी रिंग रोड (ओआरआर) से आगे बढ़ाने का प्रस्ताव किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त राज्य सरकार की ओआरआर को प्रस्तावित क्षेत्रीय रिंग रोड (आरआरआर) से जोड़ने वाली मेट्रो कॉरिडोर रेडियल सड़कों के साथ-साथ दस नए ग्रीनफील्ड विकास क्षेत्र विकसित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त राज्य सरकार ने इस पहल के लिए 45,000 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता का अनुरोध किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**“ग्रीनफील्ड विकास के लिए तेलंगाना को वित्तीय सहायता”** के संबंध में श्री इटेला राजेंदर द्वारा पूछे गए दिनांक 05.02.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *83 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है।

हैदराबाद शहर के लिए लगभग 162 किलोमीटर की लंबाई वाले क्षेत्रीय रिंग रोड के उत्तरी हिस्से के विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई है।

इस परियोजना के लिए, तेलंगाना सरकार ने भूमि अधिग्रहण लागत का 50% हिस्सा साझा करने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की है। इसके अलावा, राज्य सरकार ने लघु खनिजों के निष्कर्षण पर रॉयल्टी से छूट प्रदान करने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के राज्य के हिस्से की प्रतिपूर्ति पर भी सहमति व्यक्त की है।

परियोजना पर निवेश और कार्यान्वयन का निर्णय डीपीआर के परिणाम, यातायात सघनता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाता है।

(ग) राजमार्ग अवसंरचना का विकास एक सतत प्रक्रिया है। राज्य की सड़कों के विकास के लिए, इसपर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार उपार्जन के अध्यधीन केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए तेलंगाना राज्य के लिए सीआरआईएफ के तहत उपार्जन 367.17 करोड़ रुपये है।

*****